संख्या–cm-595
08/12/2021

हेलीकॉप्टर क्रैश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- हेलीकॉप्टर क्रैश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत की धर्मपत्नी एवं अन्य 11 लोगों के निधन पर मुख्यमंत्री मर्माहत

पटना, 08 दिसम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हेलीकॉप्टर क्रैश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत, उनकी धर्मपत्नी एवं अन्य 11 लोगों के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि इस हादसे से मर्माहत हूँ। जनरल बिपिन रावत एक जिम्मेदार सैन्य प्रमुख, कर्तव्यपरायण अधिकारी एवं कुशल नेतृत्वकर्ता रहे, जिन्होंने अपनी काबिलियत और सतत् परिश्रम की बदौलत थल सेनाध्यक्ष के बाद देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनने का गौरव हासिल किया। जनरल बिपिन रावत ने अपने शानदार कैरियर में परम विशिष्ट सेवा मेडल, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, युद्ध सेवा मेडल, सेना पदक, विशिष्ट सेवा मेडल समेत कई सम्मान हासिल किए। उन्होंने कई कठिन सैन्य जरूरतों के वक्त चुनौतियों को सफलता में बदलने का अद्‌भुत कार्य किया। जनरल बिपिन रावत के निधन से भारत माता ने एक सच्चा सपूत खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******